MONSANTO
imagine™

मानवाधिकार नीति

(19 अप्रैल, 2006 को निदेशक मंडल द्वारा अंगीकृत)

परिचय/प्रस्तावना

मोनसेंटो मानवाधिकारों की रक्षा और उन्नति के प्रति समर्पित है। हमारी मानवाधिकार नीति मानवाधिकार की विश्व घोषणा से निर्देशित है, जिसमें मानवाधिकारों की सर्वाधिक व्यापक रूप से मान्य परिभाषा और राष्ट्रीय सरकारों के उत्तरदायित्व, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की कार्यस्थल पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों की घोषणा दी हुई है।

मोनसेंटो मानवाधिकार नीति हमारी शपथ से गहराई से जुडी है और हमारे कार्य के लिए मूल्य प्रणाली उपलब्ध कराती है। यह पौलिसी हमारे व्यावसायिक आचरण नियमों, मोनसेंटो निधि, हमारी उत्पाद प्रबंधन कार्यक्रमों, हमारे वैश्विक वातावरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य नीति और प्रक्रियाओं; और हमारे व्यापक विनियम अनुपालन कार्यक्रम के समर्थन और संयोजन से प्रचालित होती है। (इन कार्यक्रमों की जानकारी मोनसेंटों की वेबसाइट और ऑन-लाइन मोनसेंटो कंपनी शपथ रिपोर्ट में उपलब्ध है) इसके अतिरिक्त मोनसेंटो ने इस नीति के विकास के लिए मौसमी उत्पादन सहित खेती और कृषि उद्योग के लिए विशिष्ट अवस्था पर भी विचार किया है।

हम अपने कारोबार को नैतिक और उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से करते हैं जो मानवाधिकारों की रक्षा का सम्मान और समर्थन करता है। हम उन भागीदारों की पहचान करेंगे और उनके साथ कार्य करेंगे जो अपने व्यवसायिक आचरण में इस नीति में अंतर्निहित नैतिक मानकों को अपनाएँगे। हम अपने भागीदारों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने कर्मचारियों को इस नीति में वर्णित महत्त्वपूर्ण तत्वों और अपेक्षाओं को पूरा करने की अपनी निष्ठा से अवगत कराएँ और इनके प्रति अपने व्यावसायिक आचरण की पुष्टि करने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ. मोनसेंटो अपने व्यावसायिक भागीदारों से अनुरोध करता है कि वे इस नीति के तत्वों और अपेक्षाओं से सहमति और उनके अनुपालन की पुष्टि करें। मोनसेंटो आवश्यक होने पर इसके लिए कदम उठा सकता है, जिसमें मोनसेंटो या हमारे नामित व्यक्ति द्वारा इस बात की पुष्टि या निगरानी के लिए सूचना या जाँच का अनुरोध किया जा सकता है कि व्यावसायिक भागीदार इन अपेक्षाओं की संगतता में अपनी गतिविधियाँ चला रहा है।

प्रबंधन को इस नीति की पुष्टि के लिए कंपनी के क्रियान्वयन और निगरानी प्रयासों को पारिभाषित करना होगा और हमारी निष्ठा की प्रगति के लिए निरंतर सुधार करने होंगे। हमें मानवाधिकारों के विकास के प्रयासों में संवाद और सक्रिय भागीदारी में निरंतर सम्मलित होना होगा. यह नीति सभी कर्मचारियों, विक्रेताओं और जनसाधारण को उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

मानवाधिकार नीति जारी

बाल श्रम

मोनसेंटों किसी भी रूप में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन सम्मलेन 182, अनुच्छेद 3, (बाल मज़दूरी के सबसे बुरे रूप) में पारिभाषित शोषणकारी बाल श्रम को सहन नहीं करेगा. तदनुसार, हम अवयस्कों के नियोजन के लिए लागू स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय विधि का अनुपालन करेंगे। जहाँ अवयस्क को विधि में नियोजित किया जा सकता है, वहाँ यह सुनिश्चित करने की कार्यवाही करेंगे कि ऐसे नियोजन से बच्चों के शिक्षा अवसरों में हस्तक्षेप न हो। अपनी सुरक्षा, आरोग्य नीति और प्रक्रियाओं की संगतता में हम छोटे कर्मकारों को ऐसी स्थितियों में काम नहीं देंगे जो उनकी सुरक्षा या आरोग्य को जोखिम में डालती हो।

बेगार

मोनसेंटो विलेखी, दास, बंधुआ या अन्य बेगारी श्रमिक को काम पर नहीं रखेगा। मोनसेंटो किसी भी तरह के शारीरिक दंड को अस्वीकार करता है।

प्रतिफल

मोनसेंटो विधितः अपेक्षित मज़दूरी या जहाँ कोई विधिक मज़दूरी नहीं होगी वहाँ स्थानीय उद्योग मानकों के समकक्ष या उससे अधिक मज़दूरी का भुगतान करेगा।

कार्य अवधि

मोनसेंटों कार्य अवधि पर लागू स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय विधि और उद्योग व्यवहार का अनुपालन करेगा।

उत्पीड़न और हिंसा

मोनसेंटो ऐसे कार्य वातावरण के लिए समर्पित है जो विधितः संरक्षित विशिष्टताओं पर आधारित और उत्पीड़न मुक्त हो। कार्य स्थल पर किसी भी तरह की हिंसा या हिंसा की धमकी को सहन नहीं किया जाएगा।

भेदभाव

मोनसेंटो प्रजाति, वर्ण, धर्म, लिंग, आयु, राष्ट्रीय मूल, अक्षमता, अनुभव, यौनोन्मुखता या नियोजन विधि द्वारा संरक्षित किसी भी तरह की विशिष्टता के कारण नियोजन की शर्तों या सुविधाओं में किसी भेदभाव की निन्दा करता है तथा उसका निषेध करता है।

सुरक्षा

मोनसेंटो की निष्ठा ऐसे कार्यस्थल की है जो सुरक्षित और आरोग्यकारी हो, और प्रचालन ऐसा जो हमारे वैश्विक वातावरण, सुरक्षा और आरोग्य नीतियों और प्रक्रियाओं में निहित विशिष्टताओं के अनुसार वातावरण-वहनीय हो।

मानवाधिकार नीति जारी

संगठन की स्वतंत्रता

मोनसेंटो कर्मचारियों के अपनी पसंद के किसी संगठन से जुड़ने या न जुड़ने और मुक्त रूप से संगठित होने और सौदेबाज़ी करने के उनके अधिकार और स्वतंत्रता का सम्मान करता है। जहाँ संगठन की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी के अधिकार को विधितः प्रतिबंधित किया गया होगा, वहाँ कम्पनी, कर्मकारों और प्रबंधन में खुले संवाद और सीधी वार्ता की सुविधा देगी। कोई भी कर्मकार किसी विधिक कर्मकार संस्था या संगठन में अपनी सदस्यता के कारण पदच्युत या उत्पीड़ित नहीं किया जाएगा, न ही उसके साथ पक्षपात बरता जाएगा, और न ही उसे डराया-धमकाया जाएगा और न ही उससे किसी प्रकार का बदला लिया जाएगा।

विधिक अनुपालन

कम से कम, मोनसेंटो जहाँ भी कंपनी व्यवसाय करेगी, वहाँ मानवाधिकारों और कर्मकार अधिकारों के संबंध में लागू स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय विधि का अनुपालन करेगी।